# केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
# श्री सदाशिव परिसर, पुरी

## कार्यालय सूचना

सूचना संख्या 155 दिनांक: 29.07.2026

परिसर के समस्त नियमित शोधार्थियों को सूचित किया जाता है कि शोधकार्य में नियमित उपस्थिति, शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता तथा अनुसंधान संबंधी कार्यों के सुव्यवस्थित संचालन के उद्देश्य से निम्नलिखित निर्देश जारी किए जाते हैं। सभी संबंधित शोधार्थियों के लिए इन निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा तथा ये निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू किए जाते हैं।

**1. उपस्थिति :**

सभी नियमित शोधार्थियों के लिए उपस्थिति अनिवार्य है। प्रत्येक कार्यदिवस पर शोधार्थियों को 01 अगस्त 2026 से अपनी उपस्थिति ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से दर्ज करनी होगी। ऑफलाइन उपस्थिति पंजिका प्रो. अनुपमा पृष्टि, समन्वयिका, अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ (R&D Cell), केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, श्री सदाशिव परिसर, पुरी के पास उपलब्ध होगा। सभी शोधार्थी यह सुनिश्चित करें कि उनकी उपस्थिति उक्त पंजिका में नियमित रूप से अंकित हो।

**2. अवकाश प्रक्रिया :**

यदि किसी शोधार्थी को अवकाश की आवश्यकता हो, तो वह अपना अवकाश आवेदन यथोचित माध्यम से समुचित औचित्य एवं आवश्यक प्रमाण-पत्रों सहित प्रस्तुत करेना होगा। पूर्व स्वीकृति के बिना लिया गया अवकाश अनधिकृत अनुपस्थिति माना जाएगा।

**3. मासिक व्याख्यान सत्र :**

प्रत्येक माह शोधार्थियों हेतु शोध-प्रगति विवरण एवं वाक्यार्थ/शास्त्रार्थ सत्र आयोजित किया जाएगा। इस सत्र का संचालन शोध समन्वयिका (R&D Cell Co-ordinator) की अध्यक्षता में किया जाएगा। प्रत्येक शोधार्थी के लिए अपने शोध-कार्य की प्रगति का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करना तथा अपने शोध-विषय अथवा उससे संबंधित किसी विषय पर वाक्यार्थ/शास्त्रार्थ प्रस्तुतीकरण देना अनिवार्य होगा। इस सत्र में सभी शोधार्थियों की सहभागिता अनिवार्य है। सत्र की तिथि, समय एवं स्थान संबंधी सूचना शोध सह-संयोजक द्वारा परिसर के आधिकारिक व्हाट्सएप समूह में पूर्व में प्रसारित की जाएगी तथा उसी सूचना के अनुसार कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन किया जाएगा।

अतः सभी शोधार्थियों को निर्देशित किया जाता है कि उपर्युक्त निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें।

29/07/26

(प्रो. बोध कुमार झा)
निदेशक
निदेशक/Director
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय /Central Sanskrit University
श्री सदाशिव परिसर पुरी(ओड़िशा)/Shri Sadashiv Campus, Puri(Odisha)

**प्रतिलिपि –**

1. प्रो. अनुपमा पृष्टि, समन्वयिका, अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ (R&D Cell), श्री सदाशिव परिसर, पुरी – आवश्यक कार्यवाही हेतु।
2. डॉ. पंकज कुमार राउल, सह-संयोजक, अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ (R&D Cell), श्री सदाशिव परिसर, पुरी – आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. सभी विभागाध्यक्षगण, श्री सदाशिव परिसर, पुरी – शोधार्थियों को सूचित करने हेतु।
4. समस्त शोध-निर्देशकगण (Research Guides) – अपने-अपने शोधार्थियों को अवगत कराने हेतु।
5. सूचना पट्ट (Notice Board) – प्रदर्शित करने हेतु।
6. विश्वविद्यालय वेबसाइट विस्तार प्रसारण हेतु।
7. संबन्धित संचिका (बि-5) (Office Copy – V-5)।